# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480|| Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शुक्रवार 19 जुलाई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-287

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रोहित शेखर हत्याकांड में क्राइम ब्रांच ने चार्जशीट दायर की

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी के बेटे रोहित शेखर मर्डर केस में आरोपी पत्नी अपूर्वा तिवारी के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने चार्जशीट फाइल कर दी है। हत्याकांड की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी राजीव रंजन ने बताया था कि 16 अप्रैल को रोहित और अपूर्वा में मारपीट हुई थी। इस दौरान अपूर्वा ने रोहित को मौत के घाट उतार दिया था।

### कुएं में गिरा मोबाइल निकालने गए 2 युवकों की दर्दनाक मौत, 1 की हालत गंभीर

**सतना ।** जिले में एक दुखद घटना में 2 युवकों की मौत हो गई। आज के युग में मोबाइल के लिए दीवानगी इतनी बढ़ गई है कि लोग अपनी जान जोखिम में डालने से भी नहीं चूकते। बड़ों से लेकर बच्चे तक मोबाइल को हासिल करने के लिए कोई भी खतरा उठाने को तैयार हो जाते हैं। सतना जिले के अंदर थाना अंतर्गत तिघरा गांव में कुएं में गिरा मोबाइल निकालने गए 2 युवकों की मौत हो गई, इसी घटना में 1 युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। दरअसल सूखे कुंए में एक युवक का मोबाइल गिर गया था। साथियों सहित उसने मोबाइल को हासिल करने के लिए कुएं में उतरने का प्लान बनाया। स्थानीय लोगों ने कुंए में जहरीली गैस का रिसाव होने की जानकारी युवकों को दी। युवकों ने लोगों की चेतावनी को अनसुना कर दिया। इस दौरान कुंए से मोबाइल निकालने की कोशिश कर रहे तीन युवक विषैली गेस के संपर्क में आ गए, जिससे दो युवकों की दम घुटने से मौत हो गई,वहीं एक युवक को बेहोशी की अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के बाद से इलाकेमें मातम पसर गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कच्ची कॉलोनियों की होगी रजिस्ट्री : केजरीवाल

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की राजधानी की कच्ची कॉलोनियों में रहने वालों लोगों के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान किया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की कच्ची कॉलोनी में रहने वाले लोगों के मकानों की रजिस्ट्री जल्द ही खुल जाएगी। इसके बाद इन लोगों को लंबे इंतजार के बाद अपने घर पर मालिकाना हक मिलेगा। विधानसभा चुनावों से पहले केजरीवाल का यह कदम मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता है क्योंकि राजधानी में करीब 50 लाख लोग कच्ची कालोनियों में बिना रजिस्ट्री के रह रहे हैं। केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, 2 नवंबर 2015 को हमने कैबिनेट में यह प्रस्ताव पास किया था और 12 नवंबर को 2015 को हमने चिट्ठी लिखकर भेज दिया था। केंद्र सरकार का जवाब आया है, वो तैयार हैं और मैं केंद्र सरकार का धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, जल्दी ही रजिस्ट्री खुल जाएगी, विभाग को बोला है बड़े पैमाने पर रजिस्ट्री के लिए तैयार रहें। केंद्र सरकार ने इस मामले पर कुछ सवालों का जवाब देने के लिए कहा है, मैंने अधिकारियों को कहा है कि सारे सवालों का जवाब तैयार करके जल्द से जल्द केंद्र सरकार को भेजें।

### कांगो में इबोला वैश्विक स्वास्थ्य आपदा घोषित


**जिनेवा।** कांगो गणराज्य में इबोला के प्रकोप ने अब अंतराष्ट्रीय स्वास्थ्य आपदा का रूप ले लिया है। इस हफ्ते विषाणु के 20 लाख आबादी वाले एक शहर में पहुंचने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसकी घोषणा की। डब्ल्यूएचओ की विशेषज्ञ समिति इससे पहले तीन मोकों पर संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी को इस प्रकोप के संबंध में घोषणा करने की सलाह देने से इनकार कर चुकी थी जबकि अन्य विशेषज्ञों का कहना है कि आपदा घोषित करने के लिए सभी जरूरी बातें मौजूद हैं। इतिहास में इबोला ने अगस्त में दूसरी बार इतना घायत रूप लिया और 1,600 लोगों की जान ले ली। यह ऐसे क्षेत्र की तरफ बढ़ रहा है जिसे युद्ध ग्रस्त क्षेत्र माना जाता है। वैश्विक स्वास्थ्य आपदा की घोषणा से अक्सर अंतरराष्ट्रीय मदद एवं ध्यान खींचा जाता है साथ ही ये चिंताएं भी होती हैं कि प्रभावित सरकारें सीमाओं को बंद न कर दें।

# कुलभूषण जाधव को रिहा करे पाक

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस के कुलभूषण यादव पर दिए फैसले को लेकर राज्यसभा में बयान दिया. एस जयशंकर ने कहा कि आईसीजे ने 17 जुलाई को 15-1 से भारत के हित में फैसला सुनाया.

विदेश मंत्री ने कहा कि कोर्ट ने पाया कि पाकिस्तान ने हर अंतर्राष्ट्रीय नियम तोड़ा और जाधव मामले में वियना संधि का हनन हुआ है. उन्होंने कहा कि बुधवार को आया फैसला केवल भारत के लिए ही अहम नहीं है, बल्कि उन सभी के लिए अहम है जो कानून के राज में

**राज्यसभा में बोले एस जयशंकर**



विश्वास करते हैं. उन्होंने कहा कि कुलभूषण जाधव पर लगाए गए सभी आरोप गलत हैं. इसके साथ ही उन्होंने फिर एक बार पाकिस्तान से कुलभूषण जाधव को छोड़ने का आग्रह किया.

बता दें कि नीदरलैंड के हेग में आईसीजे ने बुधवार को जाधव की फांसी की सजा पर रोक को बरकरार रखा. इसी के साथ कोर्ट ने पाकिस्तान से सैन्य अदालत के इस फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए भी कहा. आईसीजे ने मामले में पाकिस्तान की तमाम आपत्तियों को खारिज कर दिया. अदालत ने पाकिस्तान के इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि भारत ने जाधव की वास्तविक नागरिकता की जानकारी नहीं दी है.

अदालत ने कहा कि यह साफ है कि जाधव भारतीय नागरिक हैं और पाकिस्तान ने भी माना है कि जाधव भारतीय नागरिक ही हैं. पाकिस्तान ने जाधव को मार्च 2016 में पकड़ा था और अप्रैल 2017 में पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने उन्हें भारतीय जासूस और आतंकवादी बताकर मौत की सजा सुनाई थी. आईसीजे ने 15-1 के बहुमत से कहा कि जाधव की मौत की सजा पर रोक बरकरार रहेगी और पाकिस्तान की सैन्य अदालत में उन्हें दोषी ठहराने और उन्हें दी गई सजा पर पुनर्विचार करने की जरूरत है.

## ईरान के विदेश मंत्री ने अमेरिका पर आर्थिक आतंकवाद का लगाया आरोप

**संयुक्त।** ईरान के विदेश मंत्री ने फिर से अमेरिका पर ''आर्थिक आतंकवाद'' फैलाने का आरोप लगाया है। कई महीने के विवाद के बाद विदेश मंत्री मोहम्मद जावेद जरीफ संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास सत्र के लिए न्यूयॉर्क पहुंचे, जहां उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए एकतरफा प्रतिबंधों की निंदा की। जरीफ ने कहा कि ईरान आर्थिक आतंकवाद का शिकार है और नाजायज राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए निर्दोष नागरिकों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा



कि ''गैरकानूनी, अलौकिक'' प्रतिबंध ''ईरान और हमारे कई पड़ोसियों के सतत विकास लक्ष्यों की उपलब्धि के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं''। ट्रम्प ने पिछले साल पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के बहुराष्ट्रीय परमाणु समझौते से अमेरिका को हटा लिया था, जिसके तहत ईरान ने नाटकीय रूप से अपने परमाणु कार्यक्रम को फिर से शुरू कर दिया है।

## भारत के साथ रक्षा साझेदारी मजबूत, सबसे मजबूत बनाने पर विचार : पेंटागन

**वॉशिंगटन।** पेंटागन ने कहा है कि भारत के साथ अमेरिका की रक्षा साझेदारी मजबूत है और इसे अधिक मजबूत बनाने के बारे में विचार किया जा रहा है। साथ



पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाया हुआ है। गौरतलब है कि भारत भी अपने पुराने मित्र रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली की खरीद कर रहा है। रक्षा नीति ही राष्ट्र को अन्य देशों से सैन्य हार्डवेयर खरीदने के खिलाफ आगाह किया है जो इसकी पांचवी पीढ़ी के जटिल विमान का सामना करने को लेकर डिजाइन किए गए हैं। ये टिप्पणियां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस घोषणा के एक दिन बाद आई है कि अमेरिका तुर्की को एफ-35 लड़ाकू विमान नहीं बेचेगा। इससे पहले तुर्की ने रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदी थी। रूस के अवर उपसचिव डेविड जे ट्राचटेनबर्ग ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, मेरे विचार में भारत के साथ हमारी रक्षा साझेदारी मजबूत है और इसे और मजबूत बनाने पर विचार किया जा रहा है। ट्राचटेनबर्ग भारत के रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने के फैसले को लेकर इससे द्विपक्षीय संबंधों पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

## यू ट्यूब वीडियो मानहानि मामले में केजरीवाल को समन

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** यू ट्यूब वीडियो मानहानि मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली न्यायालय ने समन जारी किया है. एसीएम मजिस्ट्रेट समर विशाल ने केजरीवाल को 7 अगस्त को कोर्ट में हाजिर होने के निर्देश दिए हैं.

ज्ञात हो कि आई सपोर्ट नरेंद्र मोदी फेसबुक पेज के फाउंडर ने केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए आपराधिक मानहानि का वाद दायर किया है. जिसमें उसने कहा कि आप नेता ने यू ट्यूबर ध्रुव राठी का मई 2018 में एक



मानहानि करने वाले वीडियो को री-ट्वीट किया था.

शिकायतकर्ता विकास सांकृत्यायन ने शिकायत में आरोप लगाया कि बीजेपी आईटी सेल पार्ट टू के टाइटल के साथ एक वीडियो को राठी ने प्रसारित किया था. जो जर्मनी में रहता है. इतना ही नहीं कई झूठे और मानहानि करने वाले आरोप भी लगाए गए. सांकृत्यायन का कहना है कि इसी वीडियो को केजरीवाल ने बिना सत्यता जांचे अपने यू ट्यूब अकाउंट से रीट्वीट कर दिया.

शिकायत में आगे कहा गया कि शिकायतकर्ता के खिलाफ जो भी आरोपी वीडियो में लगाए गए हैं वे सभी झूठे, अपमानजनक और छवि बिगाड़ने वाले हैं. जबकि इन आरोपों का कोई सबूत नहीं पेश किया गया. केजरीवाल को करोड़ों लोग फॉलो करते हैं. इस वजह से यह वीडियो न केवल भारत बल्कि विदेशों में भी काफी दूर-दूर तक पहुंच गया.

याचिका की सुनवाई पर कोर्ट ने माना कि प्रथम द्रष्ट्या इस वीडियो में लगाए गए आरोपों से शिकायतकर्ता सांकृत्यायन की मानहानि हुई है. लिहाजा अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सुनवाई का मामला बनता है. इसलिए कोर्ट ने केजरीवाल को समन जारी किया गया है.

## एनीमेशन स्टूडियो में शख्स ने लगाई आग, 40 लोग गंभीर

**टोक्यो।** जापान के क्योटो में गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा होने का समाचार है। यहां एक शख्स ने एनीमेशन स्टूडियो में आग लगा दी। इस घटना में करीब 40 लोगों के घायल हो ने की खबर है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आग लगभग 10.30 बजे लगी।



स्थानीय समाचार एजेंसी के मुताबिक गुरुवार सुबह टीवी एनीमेशन सीरीज बनाने के लिए मशहूर क्योटो एनिमेशन कंपनी की 3 मंजिला इमारत में एक अज्ञात शख्स ने आग लगा दी। मौके पर पहुंची राहत टीमों ने लोगों को निकालने का काम शुरू कर दिया है। वहीं पुलिस, ने आगजनी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने गैसोलीन का छिड़काव कर वहां पर आग लगा दी।

बताया जा रहा है कि शख्स ने स्टूडियो में घुसकर कोई तरल पदार्थ छिड़कर आग लगा दी। अभी भी बिल्डिंग में आग लगी हुई है और उसे बुझाने का काम चल रहा है। द जापान टाइम्स के मुताबिक, पुलिस ने बयान दिया है कि इस घटना में कई लोगों की हालत काफी गंभीर है। जिस शख्स ने तरल पदार्थ छिड़ककर स्टूडियो में आग लगाई है, वह भी घटना में घायल हो गया है। और उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चश्मदीदों के मुताबिक, उन्होंने बिल्डिंग के अंदर से लगातार धमाकों की आवाज़ सुनी थी। वहां से लगातार काला धुआं निकल रहा था और कंबल में ढककर लोगों को बाहर लाया जा रहा था।

बता दें कि जिस क्योटो एनिमेशन कम्पनी की जिस बिल्डिंग में आग लगी है वह तीन मंजिला है। जापान की फेमस एनिमेशन सीरीज़ के-ऑन, सुजुमिया हरुही, अ साइलेंट वॉयस समेत कई बड़ी एनिमेशन फिल्मों और सीरीज़ का निर्माण इसी स्टूडियो के द्वारा किया गया है।

## नजफगढ़ में टिनशेड गिरने से 17 मवेशियों की मौत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में बीती रात टिनशेड गिरने से 13 भैंस, दो बछड़े और दो गाय की दर्दनाक मौत हो गई जबकि 5 भैंस घायल हो गई हैं. इन सभी को पशु चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है.

बताया जा रहा है कि इस टिनशेड के ऊपर भारी सामान रखा हुआ था. काफी दिनों से वजन ढो रहा यह टिनशेड बुधवार रात अचानक गिर गया और भीषण हादसा हो गया. गौरतलब है कि बुधवार सुबह दिल्ली में भारी बारिश भी आई थी. ऐसे में कहा जा रहा है कि पहले से ही कमजोर यह टिनशेड और वजन नहीं झेल सका और देर रात तक हादसा हो गया.

## भारी बारिश से कालका-शिमला हेरिटेज ट्रैक पर भूस्खलन, ट्रेनें रद्द

**सोलन (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के परवाणू में बारिश के चलते विश्व धरोहर में शामिल कालका-शिमला हेरिटेज ट्रैक पर भारी भूस्खलन हुआ है। इसके चलते बड़ी मात्रा में मलबा ट्रैक पर आ गया है। भूस्खलन के बाद ट्रैक बड़े नाले में तब्दील हो गया है।

भूस्खलन की वजह से इस ट्रैक पर चलने वाली तीन ट्रेनों को भी रद्द कर दिया गया है। रेलवे की टीम मलबे को हटाने में लगी हुई है। भूस्खलन के बाद मलबे को हटाने की वजह से ट्रैक को पूरी तरह से बंद रखा गया है।

बता दें कि बुधवार दोपहर बाद भारी बारिश की वजह से टकसाल और कालका स्टेशन के बीच ट्रैक पर अचानक मलबा आ गिरा था। इसके बाद ट्रैक पूरी तरह से बंद हो गया था। ट्रैक पर



मलबा और पानी जमा होने से यातायात प्रभावित है।

गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बुधवार को श्रीखंड महादेव यात्रा के दौरान ग्लेशियर का एक हिस्सा ढह गया था, जिसकी चपेट में आकर 4 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाके में भारी बारिश के कारण भूस्खलन हो रहे हैं, जिससे कई रास्ते भी बंद हो गए हैं। इसे देखते हुए अधिकारियों ने 15 जुलाई से शुरू हुई तीर्थयात्रा पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है।

## नोबेल विजेता 'यजीदी' कार्यकर्ता मुराद के काम से बेखबर नजर आए ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नोबेल पुरस्कार विजेता यजीदी कार्यकर्ता नादिया मुराद के काम एवं योगदान से बेखबर नजर आए। मुराद इराक के यजीदियों की मदद का अनुरोध लेकर बुधवार को ट्रंप से मुलाकात करने पहुंची थीं। मुराद इस प्राचीन धर्म की उन हजारों महिलाओं एवं लड़कियों में से एक हैं जिन्हें आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट समूह ने 2014 में इराक के विभिन्न हिस्सों पर कब्जा करने के दौरान अगवा कर लिया था। मुराद इस धार्मिक दमन से उबरे लोगों के समूह में शामिल थीं जिन्होंने विदेश मंत्रालय की एक बड़ी बैठक से इतर ओवल ऑफिस में ट्रंप से मुलाकात की। उन्होंने जब ट्रंप को बताया कि कैसे उनकी मां और छह भाइयों की हत्या कर दी गई थी तथा 3,000 यजीदी लापता हैं, ट्रंप ने कहा, और आपको नोबेल पुरस्कार मिला है? यह अद्भुत है। किस कारण से आपको यह मिला? मुराद ने कुछ पल के लिए सकते में आ गयीं और उन्होंने पूरी कहानी ट्रंप को बतायी। उन्हें पिछले साल नोबेल पुरस्कार का



संयुक्त विजेता घोषित किया गया था। उन्होंने कहा, मेरे साथ यह सब होने के बाद भी मैंने हार नहीं मानी। मैंने सबको साफ-साफ बताया कि आईएसआईएस ने हजारों यजीदी महिलाओं से बलात्कार किया।'' मुराद ने कहा, कृपया कुछ करें। यह किसी एक परिवार के बारे में नहीं है। ट्रंप जो इराक एवं सीरिया के कई हिस्सों पर कब्जा जमाए आतंकी समूह इस्लामिक स्टेट के स्वयंभू खलीफा को खदेड़ने का श्रेय लेते रहे हैं, उस वक्त भी कहीं गुम नजर आए जब मुराद ने उनसे यजीदियों की सुरक्षित वापसी के लिए उनसे इराकी एवं कुर्दिश सरकारों पर दबाव बनाने को कहा। ट्रंप ने पूछा, लेकिन आईएसआईएस जा चुका है और अब कुर्दिश और कौन? मुराद ने यह भी बताया कि यजीदियों ने जर्मनी में सुरक्षा पाने के लिए कैसे खतरनाक मार्गों का सहारा लिया। जर्मनी द्वारा शरणार्थियों का स्वागत करने की ट्रंप आलोचना कर चुके हैं।

## एनडीआरएफ ने 11 हजार से अधिक लोगों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से सुरक्षित निकाला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** मूसलाधार वर्षा के कारण देश के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं जिससे आम जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ).असम और बिहार के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में लगातार बचाव अभियान चला रहा है। बचावकर्मी रबर की नौकाओं के जरिए बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहे हैं और प्रभावित क्षेत्रों में खाने के पैकेटों और पीने के पानी जैसी आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति भी कर रहे हैं।

मानसून के मद्देनजर असम में एनडीआरएफ की 18 टीमें तैनात की गई हैं। राज्य के मोरीगांव जिले में तैनात एनडीआरएफ की टीम ने आज राहत और बचाव अभियान चलाते हुए बाढ़ में फंसे



500 गांववासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। इसके अतिरिक्त एनडीआरएफ के डॉक्टरों तथा अर्धचिकित्सकों की टीम ने गोलाघाट जिले में चिकित्सा शिविर भी लगाया और करीब 116 जरूरतमंद लोगों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराईं।

एनडीआरएफ के कई दल बिहार के अररिया, दरभंगा, कटिहार, मधुबनी, मोतीहारी, सीतामढ़ी और सुपौल जिलों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान चला रहे हैं तथा बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में खाने-पीने की चीजें पहुंचाने में स्थानीय प्रशासन की मदद कर रहे हैं। बिहार में एनडीआरएफ की टीमें अब तक 4100 से ज्यादा लोगों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से सुरक्षित निकाल चुकी हैं।

एनडीआरएफ के बचावकर्मी राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फंसे प्रत्येक व्यक्ति के साथ संपर्क साधने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं। मौजूदा मानसून के मौसम में एनडीआरएफ की टीमें 11000 से ज्यादा लोगों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से सुरक्षित निकाल चुकी हैं और 230 लोगों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं।

एनडीआरएफ के महानिदेशक एस एन प्रधान बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे राहत अभियान की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं और बचावकर्मियों को सभी आवश्यक निर्देश दे रहे हैं।

एनडीआरएफ ने नई दिल्ली में 24×7 काम करने वाला नियंत्रण कक्ष खोला है जो उसके सभी अभियानों पर नजर रख रहा है और आपात स्थितियों में तुरंत मदद पहुंचाने के लिए अन्य एजेंसियों के साथ संपर्क भी बनाए हुए है।